प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे पर हुए 90 हज़ार करोड़ रुपये के एमओयू : मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में मीलका पत्थर साबित होगा यह प्रयास।
2. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वाराणसी में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान का किया दौरा : वैज्ञानिकों से शोध कार्यों का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचाने का किया आह्वान।
3. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मिर्ज़ापुर में निर्माणाधीन मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण : कहा– विन्ध्य क्षेत्र के समग्र विकास का केंद्र बनेगा यह संस्थान।

और

4. कल मनाई जाएगी रंगभरी एकादशी : मथुरा, वाराणसी और अयोध्या में किये गये खास इंतजाम, रेलवे ने होली पर यात्रियों की सुविधा के लिये चलाइ विशेष रेलगाड़ियां।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिवसीय जापान दौरे पर प्रदेश सरकार ने जापान की विभिन्न कम्पनियों के साथ 90 हज़ार करोड़ रुपये के समझाता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। जापान में मीडिया को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शी नीतियों, बेहतर कानून–व्यवस्था और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण निवेशकों का भरोसा उत्तर प्रदेश पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच हुई साझेदारी प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने आज यामानाशी प्रांत स्थित अत्याधुनिक हाइड्रोजन ऊर्जा संयंत्र का भ्रमण किया। इस दौरान प्रदेश सरकार ने यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत उत्तर प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्रों को जापान में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। बाइट.....

*इस तकनीक को सफलता पूर्वक उत्तर प्रदेश के अंदर लागू करने में उत्तर प्रदेश की इंडस्ट्री के लिए उत्तर प्रदेश की पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए उत्तर प्रदेश के अंदर ऊर्जा की आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने के लिए इस तकनीक का उपयोग कर पाएंगे और इस तकनीक को हम लोग प्रधानमंत्री मोदी जी के नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में यह बड़ी महत्वपूर्ण पहल हो सकती है।*

मुख्यमंत्री ने यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो में प्रदेश की नई विकास नीति और निवेश संभावनाओं को वैश्विक उद्योग जगत के सामने प्रमुखता से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने शासन की

कार्यशैली को रिएक्टिव से बदलकर प्रोएक्टिव बनाया ह। और यही परिवर्तन आज प्रदेश की तेज आर्थिक प्रगति का आधार बना है।

————————————

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वाराणसी में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। केन्द्रीय मंत्री ने एक समीक्षा बैठक कर संस्थान में सब्जी उत्पादन की नवीनतम तकनीकों और अनुसंधान कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि शोध कार्यों का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचे और इससे कृषकों की आय में वृद्धि हो सके। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ दरबार में हाजिरी भी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महादेव से विकसित भारत के निर्माण में सहायक बनने की कामना की। बाइट......

*भगवान के दर्शन हुए, वह सब पर कृपा की वर्षा करें, आशीर्वाद की वर्षा करें। हमारी जनता सुखी हो और एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, शक्तिशाली, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हम सब अपना योगदान दें और भौतिकता की अग्नि में दग्ध विश्व मानवता को भारत शांति के पथ का दिग्दर्शन कराएं। यही उनके चरणों में प्रार्थना है।*

————————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज मिर्ज़ापुर में निर्माणाधीन मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायज़ा लिया। इसके साथ ही उन्होंने

विश्वविद्यालय की दीर्घकालिक विकास योजना को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षण संस्थान नहीं, विंध्य क्षेत्र के समग्र विकास का केंद्र बनेगा। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय को भविष्य में एक बहुआयामी शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जहां पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ–साथ रोजगारपरक, तकनीकी और शोध आधारित पाठ्यक्रम भी संचालित हों।

————————————

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने आज बरेली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के आयोजन ने दुनिया भर के शीर्ष नेतृत्व और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस समिट के ज़रिए भारत की उभरती क्षमता का वैश्विक प्रदर्शन हुआ। बाइट.....

*एआई इंपैक्ट समिट आदरणीय प्रधानमंत्री जी का जो रूपरेखा है जो उनकी सोच है के अनुरूप भारत में उसका आयोजन किया गया। तमाम देश, दुनिया के लोग, नेतृत्व, इंडस्ट्री के लीडर्स और खास तौर से भारत के युवा जो इस क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते हैं, उनको एक बहुत ही सुनहरा अवसर मिला और इससे दर्शाता है कि भारत की उभरती हुई क्षमता भारत का टेक्नोलॉजी के स्पेस में आगे क्या काम हो रहे हैं और एआई एक ऐसी चीज है जो आने वाले समय में बहुत ही कारगर साबित होगी भारत के लिए चाहे वह किसान उन के उत्पादन के लिए चाहे शिक्षा हो, चाहे स्वास्थ्य हो, चाहे हमारे पर्यावरण हो, तमाम ऐसी चीजें जिस पर भारत पर फोकस कर रहा है।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रदेश के श्रम और सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने आज वाराणसी में विदेश मंत्रालय और प्रदेश सरकार की साझेदारी में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को यूरोप में लीगल माइग्रेशन के रास्तों की जानकारी देना और फर्जी भर्ती एजेंसियों से होने वाली धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजभर ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। बाइट......

*हमारे जो यूथ है हमारा जो, उसकी जो बेरोजगारी की समस्या है, उसको दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार पूरी तरीके से संकल्पित है और देश और दुनिया में कहां रोजगार है, उसको खोजना, उसकी तलाश करना और अपने युवाओं के लिए वहां अवसर पैदा करना, उनको मौका देना ताकि समस्या का समाधान हो सके। इस तरफ सरकार काम कर रही है।*

————————————

मथुरा समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कल रंगभरी एकादशी मनाई जाएगी। समूचे ब्रज मंडल के प्रमुख मंदिरों में देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालु अबीर गुलाल से रंगो में सराबोर होंगे। मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रंगभरी एकादशी के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। बाइट.....

*27 तारीख को यह त्यौहार मनाया जाएगा। पूरे दिन भर परिक्रमा होती है तो किसी को असुविधा ना हो और जो व्यक्ति यहां दर्शन करने के लिए आए जो श्रद्धालु आवे वह यहां दर्शन उनको सुगमता से हो, उनकी परिक्रमा सुगमता से हो। यही प्रयास किया जा रहा है और पूरी टीम इसी दिशा में लगी हुई है।*

वहीं अयोध्या में कल से होली का शुभारंभ होगा। श्रीराम जन्म भूमि मंदिर सहित लगभग अधिकतर मंदिरो में ब्रह्ममुहूर्त में भगवान के विग्रहों का श्रृंगार कर गुलाल अर्पित किया जाएगा और भक्तों को भी प्रसाद स्वरूप गुलाल लगाया जाएगा। वाराणसी में रंगभरी एकादशी पर शिर्वाचनम मंच पर कार्यक्रमों क दौरान फूलों की होली खेली जायेगी।

————————————

होली के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि को देखते हुए विभिन्न रेलवे जोन में 18

मार्च तक एक हजार 244 विशेष ट्रेन सेवाओं का संचालन किया जाएगा।

*ये सेवाएं कल से शुरू हो गई हैं और अगले महीने की 18 तारीख तक जारी रहेंगी। रेल मंत्रालय के अनुसार ये होली स्पेशल ट्रेनें प्रमुख शहरों, राज्य की राजधानियों और महत्वपूर्ण क्षेत्रीय केंद्रों को जोड़ेंगी। इन ट्रेनों में कन्फर्म सीट की व्यवस्था की गई है, जिसे नियमित ट्रेनों में भीड़ कम होगी और यात्रियों को राहत मिलेगी। इस दिशा में पूर्वी–मध्य रेलवे सबसे ज्यादा होली स्पेशल ट्रेनें चलाएगा, जिसकी संख्या 50 है, जो कुल 275 फेरे लागाएगी। वही, उत्तर रेलवे कुल 48 विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा, जिनके 204 फेरे होंगे और मध्य रेलवे 20 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा, जिनके 129 फेरे निर्धारित हैं। इसके अलावा पश्चिमी रेलवे ने 32 सेवाएं शुरू की हैं, जो 120 फेरे लेंगे, जबकि दक्षिण पूर्वी रेलवे 28 सेवाएं चलाएगा, जिनके 107 फेरे तय किए गए हैं। दिलनशी आरजू की रिपोर्ट के साथ समाचर कक्ष से फरहत नाज़।*

———————————

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्वकप में सुपर–8 के ग्रुप–1 में आज चेन्नई में भारत और ज़िम्बावे का मुकाबला हो रहा है। जिम्बावे की टीम ने टास जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।

(समाप्त)